खंड-2

उपखंड-4

प्राचीन भारत में धर्म एवं दर्शन

(Religion and Philosophy in Ancient India)

By Manikant Singh

1. निम्नलिखित में किस/किन वर्ग का समर्थन बौद्ध पंथ एवं जैन पंथ दोनों को प्राप्त हुआ?

1. राजा
2. व्यापारी
3. गृहपति

कूट:

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. अशोक के धम्म के विषय में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है/हैं?

1. अशोक का धम्म एक राज धर्म था न कि एक व्यक्ति का धर्म।

2. यह अधिकारियों तथा लोगों के लिये निर्देश था।

3. यह सहयोग एवं सद्भावना की बात करता था।

4. यह लोगों को अपने व्यक्तिगत धर्म के प्रति समर्पित रहने का संदेश देता था।

कूट:

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

3. अशोक तथा कौटिल्य की विदेश नीति के संबंध में क्या सत्य है?

1. अशोक की विदेश नीति शांति की भावना पर आधारित थी तो कौटिल्य की विदेश नीति युद्ध को प्रोत्साहित करती थी।

2. कौटिल्य की राज्य संरचना में सेना एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखती थी तो अशोक ने सेना का परित्याग किया।

कूटः

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 (d) दोनों में से कोई नहीं

4. मौर्योत्तर काल में निम्नलिखित में कौन-सा/से पंथ ने मूर्ति-निर्माण को अपनाया?

1. बौद्ध
2. जैन
3. ब्राह्मण

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

5. महिलाओं की गिरती सामाजिक दशा के संदर्भ में मनु संहिता निम्नलिखित में किसे/किन्हें स्थापित करने का प्रयास करता है/हैं?

1. बाल विवाह को प्रोत्साहन
2. विधवा विवाह पर पाबंदी
3. सती प्रथा को लागू करना

कूटः

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

6 निम्नलिखित में किस स्मृतिकार ने महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिया?

(a) याज्ञवल्क्य (b) परासर

(c) वृहस्पति (d) नारद

7. निम्नलिखित में कौन-सा विकल्प वैदिक धर्म को समग्रता से व्यक्त करता है?

(a) बहुदेववाद, यज्ञ एवं मूर्ति पूजा

(b) बहुदेववाद, यज्ञ एवं प्रकृति पूजा

(c) बहुदेववाद, देवियों का महत्त्व तथा यज्ञ

(d) एकेश्वरवाद, यज्ञ, प्रकृति पूजा